Title: Need for early start of Gandak and Kosi Project Phase-II in Bihar-Laid.

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह (वैशाली) : महोदय, बिहार राज्य के गंडक और कोशी परियोजना को यह कहकर बंद कर दिया गया था कि अवशेष कार्य फेज-२ के अंतर्गत पूरा किया जाएगा। लेकिन मुझे खेद है कि किसानों की जमीन नहर निर्माण में चली गई और जल जमाव की समस्या बनी हुई है। नौ लाख हैक्टेयर जमीन में जल जमाव है और गंडक एवम् कोशी परियोजनाओं को पूर्ण नहीं होने के कारण इसके उद्देश्यों की आपूर्ति नहीं हो पा रही है।

अतः अपूर्ण कार्य को पूर्ण कराने, सिंचाई एवम् जल जमाव की समस्या के समाधान के लिए उपरोक्त योजनाओं के फेज-२ का कार्यारंभ करने हेतु सरकार प्रयत्न करें।